# UNIVERSITY NEWS 19 DECEMBER 2025

## AMAR UJALA

# 50 हजार तक मासिक वेतन पर रोजगार का सुनहरा मौका

## लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी 24 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय और इससे संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए रोजगार का बेहतरीन अवसर सामने आया है। विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) के माध्यम से एसपी मैनपॉवर कंपनी ने विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है।

इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को 15 से 50 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थी 24 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। कुल 250 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें प्रोजेक्ट मैनेजर, फील्ड ऑफिसर सहित अन्य पद शामिल हैं।

**250 पदों पर होगी सरकारी परियोजनाओं में नियुक्ति**

कंपनी के अनुसार सभी नियुक्तियां सरकारी परियोजना आधारित होंगी, जिनकी समय-सीमा निर्धारित होगी। कार्य प्रदर्शन संतोषजनक रहने पर परियोजना की अवधि बढ़ाए जाने की भी संभावना है। चयनित अभ्यर्थियों को समय पर वेतन के साथ यात्रा एवं आवास भत्ते की सुविधा भी दी जाएगी।

प्लेसमेंट सेल की ओर से अभ्यर्थियों के लिए कौशल-विकास व ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इससे छात्र परियोजना-आधारित कार्य प्रणाली और चयन प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे।

### इन पदों पर होगी भर्ती

- प्रोजेक्ट मैनेजर, ऑपरेशन मैनेजर, एमआईएस एग्जीक्यूटिव (मुख्यालय स्तर), फील्ड एग्जीक्यूटिव, टीओटी सर्टिफाइड ट्रेनर।
- **ये है पात्रता :** स्नातक और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) से प्रशिक्षण
- **इस तरह होगा आवेदन -** आवेदन प्रक्रिया के संबंध में उम्मीदवारों को कंपनी की ओर से जारी क्यूआर कोड को स्कैन करके या फिर गूगल लिंक https://forms.gle/MAVRrcVGZA31UEBW8 पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

" भर्ती प्रक्रिया, चयन, नियुक्ति, सेवा शर्तें व परियोजना अवधि से विस्तार से जुड़े सभी निर्णय संबंधित संस्था और सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवारों को 24 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। - प्रो. अनूप, भारतीय निदेशक केंद्रीय प्लेसमेंट सेल लविवि

## NBT

# क्वॉन्टम फिजिक्स के सिद्धांत समझाए

**NBT न्यूज, लखनऊः** मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर लखनऊ यूनिवर्सिटी ने द्वारा आयोजित छह-दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में गुरुवार को पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में कई सत्र हुए। पहले सत्र में 'प्रकृति और उससे आगे की खोजः बदलती दुनिया मे प्रासंगिकता और महत्व' विषय पर डॉ. प्रकाश दुबे ने शिक्षको संबोधित किया। उन्होंने प्रकृति की अवधारणा और आधुनिक भौतिकी के बीच आपसी संबंधों के बारे में बताया।

# कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**NBT न्यूज, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय मे चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाओ का कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने सीतापुर के परीक्षा केंद्रो का औचक निरीक्षण किया। कुलपति ने श्री कृष्णा एजुकेशनल इंस्टिट्यूट, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज और आरएमपी पीजी कॉलेज मे परीक्षा केंद्रो पर मूलभूत सुविधाओ को देखा और जिम्मेदारो को जरूरी सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ. कमर इकबाल, डॉ. प्रवीश प्रकाश मौजूद रहे।

## I NEXT

# विवरण अपलोड न किया तो प्रवेश बैन

**LUCKNOW:** लखनऊ यूनिवर्सिटी की ओर से कई बार निर्देश दिए जाने के बाद भी कई कालेजों ने अब तक आल इंडिया सर्वे आन हायर एजुकेशन पोर्टल पर अपना विवरण अपलोड नहीं किया है. लास्ट डेट 25 नवंबर थी. अब फिर से एक मौका देते हुए 24 दिसंबर तक का समय दिया है. कुलसचिव डा. भावना मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि जन कालेजों ने डाटा अपलोड नहीं किया है 20 दिसंबर तक अपलोड करके उसके सर्टिफिकेट की प्रति ई-मेल पर उपलब्ध कराएं. ऐसा न करने पर सहयुक्तता समाप्त करने, प्रवेश प्रतिबंधित की कार्यवाही की जा सकती है.

# विषय विशेषज्ञों के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

लखनऊ यूनिवर्सिटी एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में पांच साल से अधिक वर्ष से कार्यरत नियमित प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर उत्तराखंड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में विषय विशेषज्ञ के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं. इसके लिए उन्हें आयोग के पोर्टल https://ems.uk.gov.in/ या आफलाइन माध्यम से अपना बायोडाटा भेज सकते हैं. एलयू की कुलसचिव डा. भावना मिश्रा ने इसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की है.

## AMAR UJALA

# भाषा और संस्कृति से होगा सतत विकास

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के प्रो. रविंद्र प्रताप सिंह ने ''हाइब्रिड कांफ्रेंस'' में बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया के विश्वविद्यालय- अब्दुर्रहमान सालेह सिटुबोंडो में आयोजित सम्मेलन में सतत विकास के एजेंडे पर व्याख्यान दिया। प्रो. सिंह ने भाषा, साहित्य और संस्कृति के अंतर्विषयी प्रयोगों पर आधारित इस सम्मेलन में कहा कि इंटरडिसिप्लिनरिटी विभिन्न ज्ञान परंपराओं को सतत विकास के साझा उद्देश्य से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन के माध्यम से पारंपरिक सांस्कृतिक ज्ञान, पर्यावरणीय चेतना और समावेशी भाषाई प्रयोगों को पाठ्यक्रम से जोड़ने पर जोर दिया। इस हाइब्रिड कॉन्फ्रेंस में विश्वभर के विद्वानों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। (माई सिटी रिपोर्टर)

## AAJ

# एलयू कुलपति ने किया सीतापुर में सेमेस्टर परीक्षाओं का निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना द्वारा वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के औचक निरीक्षण हेतु सीतापुर जिले के श्री कृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज एवं आर एमपीपीजी कॉलेज सीतापुर का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये, इस भ्रमण के दौरान कुलपति के साथ मुख्य कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के प्रो ओपी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ आशीष अवस्थी, डॉ कमर इक़बाल, डॉ प्रवीश प्रकाश एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित थे ।

## HINDUSTAN

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर नए शोध जारी

लखनऊ। पूरी दुनिया में इस समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर नये शोध और तकनीकी विकास जारी है, जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य से संबंधित रिसर्च वर्क भी शामिल हैं। इसके तहत लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने प्रोफेसर ओम प्रकाश की दो पुस्तकों का विमोचन अपने कार्यालय परिसर में किया। लेखक प्रोफेसर ओमप्रकाश ने बताया कि यह पुस्तकें कृत्रिम बुद्धिमता और चिकित्सा विज्ञान के लिए विशेषज्ञ प्रणालियों पर आधारित हैं।

# भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक अध्ययन पर बात


लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं आधुनिक यूरोपीय भाषा विभाग के प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह ने भाषा, साहित्य और संस्कृति के अंतर्विषयी प्रयोग आधारित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस इंटरडिसिप्लिनरी अप्रोच टू लैंग्वेज, लिटरेचर एंड कल्चर विषयक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में सस्टेनेबल डेवलपमेंट के एजेंडे को आगे बढ़ाने में इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च की अहम भूमिका पर जोर दिया।

## AMRIT VICHAR

# छात्रों को नियुक्तियों की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल ने छात्रों एवं पूर्व विद्यार्थियों को एसपी मैनपॉवर द्वारा साझा की गई परियोजना-आधारित नियुक्तियों की जानकारी दी है। कंपनी द्वारा साझा विवरण के अनुसार ये नियुक्तियां निश्चित अवधि के लिए होंगी, जिन्हें संबंधित सरकारी परियोजना की अवधि के अनुसार आगे बढ़ाया जा सकता है। परियोजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट मैनेजर, आपरेशन मैनेजर, फिल्ड एक्जक्यूटिव आदि विभिन्न पद प्रस्तावित किए गए हैं। पदों से संबंधित कार्य-प्रोफाइल, अवधि, मानदेय, वेतन तथा अन्य शर्तों का विवरण जारी फ्लायर में दिया गया है।

## AMRIT VICHAR



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करती कुलपति प्रो. मनुका खन्ना।

# महाविद्यालय का कुलपति ने किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना द्वारा विभिन्न विषयों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के औचक निरीक्षण हेतु सीतापुर जिले के श्रीकृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज और आरएमपी पीजी कॉलेज का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## VOICE OF LUCKNOW

# लविवि कुलपति ने परीक्षा का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न विषयों की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के औचक निरीक्षण के लिए सीतापुर जिले के श्री कृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज एवं आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर का दौरा किया गया, निरीक्षण के दौरान कुलपति ने परीक्षा व्यवस्था एवं महाविद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस भ्रमण के दौरान कुलपति के साथ मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के प्रो. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ. कमर इकबाल, डॉ. प्रवीश प्रकाश एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।